प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 15.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.10.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1-अजीम पुत्र मुन्न उम्र करीब 33 वर्ष, 2-नईम पुत्र हशमत अली उम्र करीब 28 वर्ष, 3-मुशाहिद पुत्र मोहम्मद युनूस उम्र करीब 36 वर्ष निवासीगण चूड़ियों वाली गली गुलाबबाड़ी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 4-ओमबीर उर्फ साधु पुत्र जयराम निवासी माता मन्दिर कल्याणपुर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 50 वर्ष, 5-सुदेश पुत्र सोमपाल निवासी माता मन्दिर कल्याणपुर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 50 वर्ष को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

2-थाना मझोला पुलिस द्वारा, 02 वाहन चोर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 स्कूटी, मोटरसाईकिल के खुले पुर्जे, वाहन काटने के औज़ार व 02 अवैध चाकू बरामद किये गये।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश व घटनाओं का सफल अनावरण कर शीघ्र बरामदगी/गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स, मुरादाबाद के निकट नेतृत्व एंव पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.10.2024 को थाना मझोला पुलिस द्वारा, चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुये 02 अभियुक्तगण 1-अनस पुत्र इफराम खान निवासी बरबलान थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 26 वर्ष 2-मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद इलियास निवासी मकबरा दरगाह नूरानी मस्जिद थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 स्कूटी, मोटरसाईकिल के कटे पुर्जे, वाहन काटने के औज़ार व 02 अवैध चाकू बरामद किये गये हैं, जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला मुरादाबाद पर मु0अ0सं0-918/2024 धारा 303(2)/317(2)/317(5)/318(4) BNS-2023 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। बरामदशुदा चोरी के वाहनो कें सम्बन्ध में पूर्व में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 265/24 धारा 379 भादवि व थाना कटघर पर मु0अ0सं0 597/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त -

1-अनस पुत्र इफराम खान निवासी बरबलान थाना मुग़लपुरा जनपद मुरादाबाद

2-मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद इलियास निवासी मकबरा दरगाह नूरानी मस्जिद थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

बरामदगी का विवरण-

01 अदद मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस

01 अदद स्कूटी एक्टिवा

01 कटी हुई मोटर साइकिल के पुर्जे

वाहन काटने के औजार

02 अदद चाकू नाजायज

पूछताछ का विवरण–

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि करीब 04 महीने पहले खुशहालपुर क्षेत्र से एक मोटरसाईकिल चोरी की थी और टीपीनगर क्षेत्र से एक एक्टिवा स्कूटी चोरी की थी, पकडे जाने के डर से इसका नंबर बदल दिया था। एक और मोटरसाइकिल पैशन प्रो हमने कुछ दिन पीर का बाज़ार कटघर क्षेत्र से चोरी की थी जिसके पार्ट्स खोल कर आज बेचने की फिराक में थे, कि पुलिस ने पकड लिया अभियुक्तगण की निशांदेही पर चोरी की मोटरसाईकिल व स्कूटी बरामद की गई है।

अपराधिक इतिहास अभियुक्तगण

अनस पुत्र इफराम खान निवासी बरबलान थाना मुग़लपुरा थाना मझोला मुरादाबाद

1-मु0अ0सं0-918/2024 धारा 303(2)/317(2)/317(5)/318(4) BNS-2023 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला मुरादाबाद

2-मु0अ0सं0-265/24 धारा 379 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

3-मु0अ0सं0-597/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद इलियास निवासी मकबरा दरगाह नूरानी मस्जिद थाना कटघर मुरादाबाद

1-मु0अ0सं0-918/2024 धारा 303(2)/317(2)/317(5)/318(4) BNS-2023 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला, मुरादाबाद

2-मु0अ0सं0-265/24 धारा 379 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

3-मु0अ0सं0-597/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री अर्जुन सिंह थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

हे0का0 अश्वनी खटाना थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

हे0का0 रविकान्त थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

का0 लविश थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

का0 राहुल कुमार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद